# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 21.04.2026 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **झारखंड को मिला नया लोकायुक्त, न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार गुप्ता को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने दिलाई पद और गोपनीयता की शपथ ।**
2. **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अठारहवें सिविल सेवा दिवस की दी बधाई,** सिविल सेवकों की प्रतिबद्धता की सराहना की।
3. **भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने खाद्य उत्पादों में अश्वगंधा की पत्तियों पर लगाई पूरी तरह रोक, सभी राज्यों को कड़ी निगरानी का निर्देश**
4. **1857 सिपाही विद्रोह के नायक पाण्डेय गणपत राय का शहादत दिवस आज, केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने किया नमन।**
5. **जमशेदपुर के बहरागोड़ा में मिले शक्तिशाली बम को डिफ्यूज करने की प्रकिया जारी, सेना की विशेशज्ञ टीम मौजूद।**

*******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची के लोक भवन में आयोजित समारोह में झारखंड उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार गुप्ता को लोकायुक्त पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी उपस्थित रहे और उन्होंने शपथ ग्रहण के बाद लोकायुक्त को बधाई दी। समारोह में मंत्री राधा कृष्ण किशोर, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह सहित कई गणमान्य अतिथि और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। शपथ ग्रहण के बाद नये लोकायुक्त ने संवाददाताओं से बातचीत में न्यायसंगत कार्रवाई का भरोसा दिया।

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने आज राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस के अवसर पर सभी सिविल सेवकों को शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि सिविल सेवकों की प्रतिबद्धता उत्तरदायी शासन को मजबूत करने और सार्वजनिक संस्थानों को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने देश के सिविल सेवकों को सार्वजनिक सेवा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने और अधिक न्यायसंगत और प्रगतिशील राष्ट्र के निर्माण में सार्थक योगदान देने की कामना की।

सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह सुशासन और राष्ट्र निर्माण की दिशा में काम करने के संकल्प को और मजबूत करने का अवसर है।

*******************

केन्द्रीय मंत्री और कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने देश के सभी सिविल सेवकों को भारतीय लोक सेवा दिवस की हार्दिक बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने लिखा है कि आत्मनिर्भर नए भारत के निर्माण के संकल्प की सिद्धि में सभी की महत्वपूर्ण भूमिका है।

*******************

दुमका जिले में महिला सशक्तीकरण के लिए केंद्र सरकार द्वारा कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इन्हीं में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना भी शामिल है जिससे आधी आबादी को आत्मनिर्भरता की ताकत मिल रही है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता

*******************

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान को लेकर झारखंड से सटे सीमावर्ती इलाकों में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। राज्य के 10 सीमावर्ती जिलों में कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सीमा पर 52 चेकपोस्ट बनाकर वाहनों की सघन जांच की जा रही है। चुनाव को लेकर आज शाम छह बजे से मतदान के दिन 23 अप्रैल शाम छह बजे तक सीमा

से सटे झारखंड के सभी 10 जिलों में 50 शराब की दुकानें जो सीमा से पांच किलोमीटर अंदर है, बंद रहेंगी।

*******************

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण–एफएसएसएआई ने खाद्य पदार्थो में अश्वगंधा की पत्तियों के प्रयोग पर अब प्रतिबंध लगा दिया है। प्राधिकरण ने खाद्य कारोबार संचालकों को निर्देश दिया है कि वे निर्धारित मानकों के अनुरूप अपने उत्पादों में केवल अश्वगंधा की जड़ और उसके अर्क का ही इस्तेमाल करें। प्राधिकरण ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खाद्य और सुरक्षा आयुक्तों को कड़ी निगरानी रखने और नियमों का पालन न करने की स्थिति में उचित कार्रवाई के निर्देश भी दिये हैं।

*******************

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आज शहीद पांडेय गणपत राय की शहादत पर श्रद्धांजलि अर्पित की है । सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने सन 1857 के सिपाही विद्रोह के मुख्य सेना नायक झारखण्ड के वीर सपूत पांडेय गणपत राय के बलिदान दिवस पर शत–शत नमन किया । नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी झारखंड के वीर सपूत के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

*******************

पूर्वी सिंहभूम के बहरागोड़ा प्रखंड स्थित सुवर्णरेखा नदी किनारे मिले 227 किलोग्राम के शक्तिशाली बम को निष्क्रिय करने की प्रक्रिया जारी है। भारतीय सेना की विशेषज्ञ टीम, लेफ्टिनेंट कर्नल धर्मेंद्र सिंह, कैप्टन आयुष कुमार और नायब सुबेदार आनंद स्वरूप सिंह के नेतृत्व में मौके पर तैनात है।

*******************

गिरिडीह के स्टेशन रोड स्थित झारखंड बिजली वितरण निगम कार्यालय के गोदाम में आज सुबह भीषण आग लग गई। इसकी चपेट में आकर दो झोपड़ीनुमा दुकानें भी जलकर खाक हो गयी। फायर ब्रिगेड और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया । आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है

*******************

जमशेदपुर स्थित एक्सएलआरआई में वीआईएल और कॉरपोरेट प्रोग्राम्स का 24 वां दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ। बिष्टुपुर के टाटा ऑडिटोरियम में आयोजित इस समारोह में वर्ष 2026 बैच के 377 छात्रों को डिग्रियां प्रदान की गईं। समारोह में निदेशक ने छात्रों की मेहनत और नेतृत्व क्षमता की सराहना की।

*******************

घरेलू शेयर बाजार के संवेदी सूचकांक में आज दोपहर के कारोबार में सकरात्मलक रुख दर्ज किया गया। सेंसेक्स 630 अंक बढ़कर 79 हजार 150 जबकि निफ्टी 167 अंक की वृद्धि के साथ 24 हजार 532 पर था।

*******************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 42 हजार 500 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 64 हजार रूपये प्रति किलो है।

*******************

झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की मेजबानी में अंडर–18 वर्ल्ड स्कूल बास्केटबॉल चैंपियनशिप बालक वर्ग के लिए चयन ट्रायल रांची में हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव में शुरू हुआ। चयनित खिलाड़ी सर्बिया में 13 से 20 जून तक आयोजित वर्ल्ड स्कूल गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

******समाप्त************